वर्ष- 3 , अंक- 189
छपरा
13 जून शनिवार
2026
पृष्ठ - 04
दैनिक
खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू
E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live




# दिल्ली के तुगलकाबाद में बिल्डिंग में आग ,3 मौतें, 6 झुलसे

**छत के रास्ते रेस्क्यू**

## पार्किंग में टू-व्हीलर में आग लगी, 5वीं मंजिल तक फैली





**नई दिल्ली,एजेंसी।** दिल्ली के तुगलकाबाद इलाके में एक बिल्डिंग में आग लगने से तीन लोगों की मौत हो गई। इनमें एक युवक और दो महिलाएं हैं। 6 लोगों को बचाया गया है, सभी अस्पताल में भर्ती हैं।

शुरुआती जानकारी के मुताबिक, आग पार्किंग में खड़ी गाड़ियों में लगी थी। धीरे-धीरे आग पांच मंजिला बिल्डिंग में फैल गई। फायर ब्रिगेड की टीम ने छत का ताला काटकर लोगों को बचाया।

फायर डिपार्टमेंट के अनुसार, गुरुवार देर रात 2:35 बजे से 2:37 बजे के बीच इमरजेंसी कॉल मिलीं। आग तारा अपार्टमेंट के पास गली नंबर 1 में स्थित एक इमारत में लगी थी। इमारत के अंदर कई लोगों के फंसे होने की खबर मिलने के बाद फायर फाइटर्स ने रेस्क्यू शुरू किया। 3:45 बजे तक आग पर काबू पा लिया गया।

### चश्मदीद बोलीं- गाड़ियों एक-एक करके ब्लास्ट हुईं

एक चश्मदीद ने बताया कि, हम लोग पड़ोस में रहते हैं। आग लगने की खबर मिलते ही वहां पहुंचे तो देखा कि ग्राउंड फ्लोर पर खड़ी गाड़ियों में एक-एक करके ब्लास्ट हो रहा था। हमने पानी का इस्तेमाल करके आग बुझाई। हमने पीछे की तरफ से भी लोगों को बचाया। उन्हें नीचे उतारने के लिए साड़ियों का इस्तेमाल किया और लड़कियों को बाहर निकालने के लिए पीछे की सुरक्षा ग्रिल काटी। बिल्डिंग में कुल 9 परिवार रहते हैं कुछ बाहर गए थे। घटना के वक्त करीब 20-22 लोग इमारत में रहे होंगे।

दिल्ली में आधी रात 70 किमी. की रफ्तार से आंधी चली

# म.प्र.-राजस्थान समेत 22 राज्यों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट; बिहार में बिजली गिरने से 10 की मौत



**भोपाल/ जयपुर/ लखनऊ/ पटना, एजेंसी।** देश में मानसून के आगे बढ़ने का सिलसिला जारी है। गुरुवार को मानसून की बंगाल की खाड़ी वाली ब्रांच बिहार में पहुंच गई। हालांकि, मुंबई में मानसून थोड़ा पीछे चल रहा है।

अगले 3 दिन में मानसून के झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा और उत्तर प्रदेश में एंट्री करने की संभावना है। 4 जून को केरलम में एंट्री के बाद से मानसून 8 दिन में 17 राज्यों तक पहुंच चुका है। इधर दिल्ली-NCR और हरियाणा में गुरुवार रात कई इलाकों में 70 से 80 किमी. की रफ्तार से हवाएं चलीं। इससे तेज गर्मी से राहत मिली। गुरुवार को बिहार के 12 जिलों में आंधी-बारिश हुई। बिजली गिरने से 10 लोगों की मौत हो गई। गुजरात को छोड़कर बाकी सभी राज्यों में प्री-मानसून एक्टिव है।

**राजस्थान में चलेगी धूल भरी आंधी, तेलंगाना में हीटवेव का अलर्ट...** मौसम विभाग ने मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और पंजाब समेत 22 राज्यों में आंधी-बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। राजस्थान में धूल भरी आंधी चल सकती है। महाराष्ट्र से लगे कोंकण और गोवा में मौसम उमस भरा रहेगा। कर्नाटक और केरलम में समुद्र की तरफ से तेज हवाएं चल सकती हैं। वहीं तेलंगाना, विदर्भ और आंध्र प्रदेश के समुद्री जिलों में हीटवेव का अलर्ट है।

एक ग्राहक को 200 लीटर से ज्यादा डीजल नहीं

# कॉमर्शियल यूजर रिटेल पेट्रोल पंप से ईंधन नहीं खरीद पाएंगे, इनके लिए डीजल करीब 40 महंगा



AI जनरेटेड

**नई दिल्ली,एजेंसी।** आम ग्राहक एक दिन में अधिकतम 200 लीटर ही डीजल खरीद पाएंगे। इस डीजल को दोबारा बेचने पर पूरी तरह रोक रहेगी। इसके अलावा अब फैक्ट्रियों और कॉमर्शियल यूजर्स को रिटेल आउटलेट से ईंधन नहीं मिलेगा। केंद्र सरकार ने 11 जून 2026 को इसे लेकर आदेश जारी किया है। अब इन बड़े उपभोक्ताओं को केवल बल्क सेल पॉइंट्स से ही ईंधन खरीदना होगा।

सरकार ने यह कदम देश के कुछ हिस्सों में रिटेल पंपों पर अचानक बढ़ी असामान्य बिक्री को देखते हुए उठाया है। यह पाबंदी शुरुआती तौर पर 90 दिनों के लिए लागू की गई है। सरकार का कहना है कि इस फैसले से आम उपभोक्ताओं के लिए ईंधन की किल्लत नहीं होगी।

सुप्रीम कोर्ट ने पॉक्सो एक्ट में मिली सजा रद्द की

# पीड़िता को पति ने छोड़ा तो आरोपी ने ही शादी की, 10 लाख का मुआवजा भी दिया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने पॉक्सो एक्ट में मिली सजा रद्द कर दी। कोर्ट ने यह फैसला इसलिए लिया, क्योंकि आरोपी और पीड़िता ने बाद में शादी कर ली और आरोपी ने पीड़िता को 10 लाख रुपए का मुआवजा भी दिया। कोर्ट का कहना है कि बालिग होने के बाद पीड़िता ने आरोपी से शादी कर ली थी। पीड़िता ने ही उसकी सजा रद्द करवाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी। कोर्ट ने कहा कि आरोपी और पीड़िता अब समाज में पति-पत्नी की तरह शांतिपूर्वक जीवन जीने के लिए स्वतंत्र हैं। 2019 में ट्रायल कोर्ट ने आरोपी को 10 साल की सजा सुनाई थी। मद्रास हाई कोर्ट ने सजा सस्पेंड कर दी थी, लेकिन 2021 में केस खत्म करने की पीड़िता की याचिका खारिज कर दी। इसके बाद आरोपी सुप्रीम कोर्ट पहुंचा था।

**कोर्ट ने विशेष शक्तियों का इस्तेमाल कर फैसला सुनाया:** सुप्रीम कोर्ट ने अनुच्छेद 142 के तहत अपनी विशेष शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए फैसला सुनाया। संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत सुप्रीम कोर्ट को यह अधिकार है कि वह अपने पास लंबित किसी भी मामले में पूर्ण न्याय सुनिश्चित करने के लिए जरूरी कोई भी आदेश पारित कर सके। जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस अतुल एस चंदूरकर की बेंच ने कहा- मामले की खास परिस्थितियों को देखते हुए, हम अपीलकर्ता की दोषसिद्धि और सजा के फैसले को रद्द करने के लिए संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपनी व्यापक शक्तियों का इस्तेमाल करना उचित समझते हैं।

ममता की हार के 14 दिन बाद ही टीएमसी टूटी

# बागियों का 18 मई को स्पीकर को भेजा लेटर सामने आया, इसमें 19 सांसदों के दस्तखत



**कोलकाता,एजेंसी।** ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस यानी ञस्ष्ट में फूट अब तय है। विधानसभा के 80 में से 58 विधायकों के बगावत के बाद लोकसभा के बागी 19 सांसदों का लेटर शुक्रवार को सामने आया। न्यूज एजेंसी ANI के मुताबिक इसे 18 मई को लोकसभा स्पीकर को भेजा गया था और अलग गुट बनाने की मांग की गई है। इससे साफ है कि ममता की हार के 14 दिन बाद ही पार्टी में बगावत शुरू हो गई थी। इस चिठ्ठी में यूसुफ पठान, सायोनी घोष, काकोली घोष और शताब्दी रॉय जैसे बड़े नाम शामिल हैं। एक नाम सामने नहीं आया है। इससे पहले 3 जून को टीएमसी के58 विधायकों ने बंगाल विधानसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर उनके गुट को मान्यता देने की मांग की थी, जिसे अध्यक्ष ने मंजूर भी कर लिया था।

# आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत की ट्रेन पर पथराव

## फिरोजाबाद में शताब्दी एक्सप्रेस का श्च-1 कोच बना निशाना, कानपुर से दिल्ली जा रहे थे



**कानपुर,एजेंसी।** फिरोजाबाद में संघ प्रमुख मोहन भागवत की ट्रेन पर गुरुवार शाम को पथराव हुआ। पत्थर सीधे उसी बोगी पर लगा, जिसमें वह बैठे थे। इससे खिड़की का शीशा टूट गया। भागवत कानपुर से शताब्दी एक्सप्रेस से नई दिल्ली जा रहे थे। भागवत एग्जीक्यूटिव क्लास के E-1 कोच में थे। ट्रेन जब मक्खनपुर-फिरोजाबाद के बीच से गुजर रही थी, तभी अचानक बोगी को निशाना बनाकर पत्थर फेंका गया। गनीमत रही कि इस पथराव में संघ प्रमुख सुरक्षित रहे।

सुरक्षा को देखते हुए ट्रेन को बीच रास्ते में कहीं भी नहीं रोका गया। घटना की सूचना मिलते ही टूंडला जंक्शन पर रेलवे सुरक्षा बल और राजकीय रेलवे पुलिस के आला अधिकारी भारी फोर्स के साथ मुस्तैद हो गए।

शाम 7:34 बजे जैसे ही शताब्दी एक्सप्रेस टूंडला जंक्शन के प्लेटफॉर्म पर आकर रुकी, सुरक्षा घेरा बेहद सख्त कर दिया गया। टूंडला जंक्शन पर सुरक्षा जांच करने के बाद ट्रेन को शाम 7:41 बजे दिल्ली रवाना कर दिया गया। वहीं, आरपीएफ और जीआरपी की संयुक्त टीमों ने मक्खनपुर-फिरोजाबाद रेल खंड के आसपास के इलाकों में सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया।

इससे पहले भागवत गुरुवार दोपहर करीब 2:30 बजे नीतू सिंह की बेटी के आशीर्वाद समारोह में शामिल होने पहुंचे। नीतू सिंह कानपुर के पूर्व भाजपा सांसद सत्यदेव पचौरी की बड़ी बेटी हैं। नीतू सिंह की बेटी वसुंधरा और यश की 21 जून को शादी है।

कुछ समय यहां रुकने के बाद भागवत लौट गए। इस दौरान नीतू सिंह ने भागवत के पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया। परिवार के अन्य सदस्यों ने भी उनका अभिवादन किया। इस आशीर्वाद समारोह में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, यूपी सरकार में मंत्री सूर्यप्रताप शाही, योगेंद्र उपाध्याय, भूपेंद्र चौधरी मंत्री समेत कई वीआईपी शामिल हुए। इसे देखते हुए शहर में सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं। नीतू सिंह का परिवार लंबे समय से संघ से जुड़ा रहा है।

**सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की कांग्रेस की याचिका:**

# मीनाक्षी ने कहा था- चुनाव आयोग ने मनमानी की

**» राज्यसभा चुनाव लड़ने दिया जाए**



**दिल्ली/भोपाल,एजेंसी।** राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस नेता मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द होने के मामले की सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही है। मीनाक्षी के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा, 'रिटर्निंग ऑफिसर ने उन्हें शुरुआती चरण में ही बाहर कर दिया है। उन्हें चुनाव लड़ने दिया जाए, अगर उन्हें वोट नहीं मिलते हैं तो वे हार जाएंगी, यही लोकतंत्र की प्रक्रिया है।' म.प्र.की तीसरी सीट के लिए कांग्रेस ने मीनाक्षी नटराजन को उम्मीदवार बनाया था। कांग्रेस के पास पर्याप्त संख्या बल भी था, लेकिन 9 जून को उनका नामांकन फॉर्म निरस्त कर दिया गया।

भाजपा ने आरोप लगाया कि मीनाक्षी ने अपने खिलाफ दर्ज एक केस की जानकारी नामांकन पत्र में नहीं दी। इस आपत्ति को स्वीकार करते हुए रिटर्निंग अधिकारी (RO) ने उनका नामांकन निरस्त कर था।

एक दिन पहले मध्य प्रदेश की तीनों सीटों पर भाजपा के राज्यसभा उम्मीदवारों रजनीश अग्रवाल, तरुण चुग और महेश केवट ने निर्विरोध जीत दर्ज की।

**एडवोकेट रोहतगी बोले- चुनाव लड़ना एक वैधानिक अधिकार है...** (कंटेस्टिंग कैंडिडेट पक्ष) के वकील मुकुल रोहतगी ने कहा- चुनाव लड़ने का अधिकार सुप्रीम कोर्ट के अनुसार एक वैधानिक अधिकार है, कोई मौलिक अधिकार नहीं है। यह सिद्धांत जयोति बसु मामले में स्थापित किया गया था और बाद के कई फैसलों में इसे दोहराया गया है।

जब यह कोई मौलिक अधिकार ही नहीं है, तो आर्टिकल 32 के तहत याचिका भी स्वीकार नहीं हो सकती।

# भारत-बांग्लादेश के बीच सीमा पार उग्रवाद और बॉर्डर सुरक्षा पर बात

## जीरो टॉलरेंस पॉलिसी पर सहमति




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और बांग्लादेश के सीमा सुरक्षा बलों के प्रमुखों ने सीमा पार के अपराधों, उग्रवादी गतिविधियों और बॉर्डर सिक्योरिटी को कमज़ोर करने वाली किसी भी कार्रवाई के प्रति 'ज़ीरो टॉलरेंस' (सखूत रवैया) की नीति अपनाने के अपने साझा संकल्प को दोहराया है। दोनों पक्षों ने सीमा पार होने वाले अपराधों को प्रभावी ढंग से रोकने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की। बीएसएफ और बीजीबी के बीच 57वीं डायरेक्टर जनरल स्तर की बॉर्डर कोऑर्डिनेशन कॉन्फ्रेंस 8 जून से 11 जून तक बीएसएफ मुख्यालय, नई दिल्ली में आयोजित की गई।

**दोस्ताना, सकारात्मक और भविष्य की सोच:** भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व बीएसएफ के डायरेक्टर जनरल प्रवीण कुमार ने किया और बांग्लादेशी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व बीजीबी के डायरेक्टर जनरल मेजर जनरल मोहम्मद अशरफुज़्ज़मान सिद्दीकी ने किया। यह कॉन्फ्रेंस दोस्ताना, सकारात्मक और भविष्य की सोच वाले माहौल में आयोजित की गई, जो सीमा की सुरक्षा करने वाले दोनों बलों के बीच लंबे समय से चले आ रहे सहयोग और आपसी भरोसे को दिखाती है। दोनों सीमा सुरक्षा बलों के बीच सबसे ऊंचे स्तर के द्विपक्षीय तंत्र के तौर पर, यह बॉर्डर कोऑर्डिनेशन कॉन्फ्रेंस सीमा की मौजूदा स्थिति की समीक्षा करने और सीमा सुरक्षा व प्रबंधन से जुड़े आपसी चिंता के मुद्दों पर चर्चा करने के लिए एक अहम मंच प्रदान करती है।

# ट्रम्प बोले- ईरान के साथ आज जंग खत्म हुई, वे कभी परमाणु हथियार नहीं बनाएंगे

**» ईरान बोला- अभी हमने कोई फैसला नहीं लिया**



**तेहरान/ वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को दावा किया कि अमेरिका ने ईरान के साथ युद्ध खत्म कर दिया है। एक वर्चुअल रैली में ट्रम्प ने अपने समर्थकों से यह बात कही। उन्होंने यह भी दावा किया कि ईरान कभी परमाणु हथियार नहीं बनाएगा।

ईरान ने ट्रम्प के इस दावे को खारिज कर दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघई ने कहा कि शांति समझौते पर अभी कोई आखिरी फैसला नहीं लिया गया है। इससे पहले ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से कहा था कि सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई ने नई डील को मंजूरी कर लिया है। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान के साथ शांति समझौते पर इसी सप्ताह यूरोप में साइन हो सकता है। अगर सब कुछ ठीक रहा तो उपराष्ट्रपति जेडी वेंस भी इसमें शामिल होंगे।


AI जनरेटेड

# उम्र रोकने की दवा का पहली बार इंसान पर परीक्षण

## ग्लूकोमा से पीड़ित एक मरीज की आंख की पुतली में लगाया गया इंजेक्शन

**बोस्टन,एजेंसी।** मेडिकल साइंस के सबसे महत्वपूर्ण लक्ष्यों में से एक 'रिवर्स-एजिंग' यानी बुढ़ापा रोकने की दवा का इंसानों पर पहला ट्रायल शुरू हो गया है। पहली बार उम्र के असर को उलटने वाला इंजेक्शन किसी इंसान को लगाया गया है।

अमेरिका के बोस्टन स्थित बायोटेक स्टार्टअप 'लाइफ बायोसाइंसेज' ने बताया कि उनके पहले मरीज को सेल्यूलर रीप्रोग्रामिंग का इंजेक्शन दे दिया गया है। परीक्षण के तहत यह इंजेक्शन ग्लूकोमा (काला मोतिया) से पीड़ित मरीज की एक आंख की पुतली में लगाया गया है।

इस ट्रायल का मुख्य उद्देश्य उम्र बढ़ने के कारण कमजोर हो चुकी कोशिकाओं को फिर से युवा और सक्रिय बनाना है। अगले 6 महीने तक वैज्ञानिक इसके असर और साइड इफेक्ट्स पर नजर रखेंगे।

यह एंटीबायोटिक दवा शरीर के भीतर जाकर उन तीन इलाज करने वाले जीनों के लिए 'ऑन स्विच' का काम करेगी, जो कोशिकाओं को रीप्रोग्राम (युवा) करना शुरू करते हैं। इससे पहले चूहों और बंदरों पर हुए टेस्ट में इसने उनकी रोशनी सफलतापूर्वक वापस लौटा दी थी।


AI जनरेटेड

**इससे पहले चूहों और बंदरों पर हो चुका है सफल टेस्ट...** अब डॉक्टर और वैज्ञानिक आने वाले कई महीनों तक मरीज की बारीकी से निगरानी करेंगे, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि यह तकनीक इंसानी शरीर के लिए पूरी तरह सुरक्षित है या नहीं। इस थेरेपी में सबसे पहले मरीज की आंख में एक सिंगल जीन थेरेपी इंजेक्शन दिया गया है। इसके बाद कुछ हफ्तों तक एंटीबायोटिक दवाओं का एक विशेष कोर्स कराया जाएगा।

**परीक्षण सफल रहा तो एजिंग थेरेपी का नया दौर:** लाइफ बायोसाइंसेज के सीईओ जेरी मैकलॉघलिन ने कहा कि यह उनकी कंपनी या एजिंग बायोलॉजी ही नहीं, पूरे मेडिकल साइंस के लिए संभावित रूप से बड़ा और परिवर्तनकारी पल है।

इस थैरेपी के लिए इंसानों की आंख को इसलिए चुना गया है, क्योंकि आंख शरीर के बाकी हिस्सों से अलग और सुरक्षित होती है। इससे साइड इफेक्ट्स पर नजर रखना भी आसान होता है।

अगर यह क्लिनिकल ट्रायल सफल रहा, तो एजिंग थेरेपी में नया युग शुरू हो सकता है। लक्ष्य पूरे शरीर की कोशिकाओं को फिर से युवा और सक्रिय बनाना है, ताकि उम्र बढ़ने के साथ डीएनए के काम करने और उसके एक्सप्रेशन के तरीके में सुधार हो सके।

अरबपतियों और फार्मा कंपनियों का निवेश इस तकनीक में अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस और ओपनएआई के सैम ऑल्टमैन समेत कई बड़े निवेशकों ने पैसा लगाया है। एली लिली और मर्क जैसी दवा कंपनियां भी इस आइडिया में निवेश बढ़ा रही हैं। इंसानों पर ट्रायल से पहले यह रिसर्च चूहों और बंदरों तक ही सीमित थी, जो अब इंसानों तक पहुंच गई है।

## आचार्य किशोर कुणाल को जयंती पर दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि



**दैनिक खोज खबर/दरियापुर (सारण)।** स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के ठिका हनुमान मंदिर परिसर में बिहार धार्मिक न्यास परिषद के पूर्व सचिव, पूर्व आईपीएस अधिकारी व पद्मश्री आचार्य किशोर कुणाल की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भाजपा के वरिष्ठ नेता सह सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह ने आचार्य किशोर कुणाल के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कुणाल साहब एक निडर और साहसी पुलिस अधिकारी होने के साथ-साथ सनातन संस्कृति की रक्षा और समाजसेवा के लिए हमेशा याद किए जाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि पटना के प्रसिद्ध महावीर मंदिर का विकास हो या अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का मामला, किशोर कुणाल के ऐतिहासिक योगदान के बिना इन कार्यों की चर्चा अधूरी है। वहीं, भाजपा मंडल अध्यक्ष मोनू सिंह ने महावीर मंदिर न्यास द्वारा संचालित महावीर कैंसर संस्थान, महावीर नेत्रालय, महावीर वात्सल्य अस्पताल और अयोध्या में चल रही 'राम रसोई' जैसी लोक-कल्याणकारी योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि उनके इन सामाजिक कार्यों को दुनिया हमेशा याद रखेगी। विधान पार्षद प्रतिनिधि सह बेला के मुखिया प्रतिनिधि छोटू ओझा ने आचार्य किशोर कुणाल को युवाओं का प्रेरणास्त्रोत बताया। उन्होंने कहा कि हम सभी को उनके जीवन से समाजसेवा की सीख लेनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने अयोध्या के अमावा मंदिर परिसर में आचार्य किशोर कुणाल की प्रतिमा का अनावरण किए जाने पर गहरी प्रसन्नता व्यक्त की। इस मौके पर मुख्य रूप से नृपेंद्र सिंह, अंकित सिंह, राजेश शर्मा, गुड्डू सिंह, शशि सिंह, श्रीकांत सिंह, अभय सिंह, मुकेश सिंह, विवेक बिहारी, गौतम शर्मा, धनंजय चौबे, उज्जवल आदित्य सहित दर्जनों गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## एकमा सीएचसी से रेफर सर्पदंश पीड़ित बालक की छपरा में इलाज के दौरान मौत

**दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)।** रसूलपुर थाना क्षेत्र के चपरैठा गांव में सर्पदंश से एक आठ वर्षीय बालक की मौत हो गई। मृतक कुणाल कुमार (8 वर्ष) स्थानीय निवासी श्रवण ठाकुर का पुत्र था। घटना के संबंध में बताया जाता है कि बुधवार की देर रात घर में सोए रहने के दौरान उसे एक जहरीले सांप ने काट लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एकमा लेकर पहुंचे। सीएचसी में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. सुशील कुमार प्रसाद ने बिना समय गंवाए बालक का प्राथमिक उपचार शुरू किया। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, गंभीर स्थिति को देखते हुए बालक को तत्काल दो वायल एंटी-स्नेक वेनम (एएसवी) दिया गया। इसके बाद बेहतर इलाज के लिए उसे एम्बुलेंस से सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया, जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। इस घटना के बाद से मृतक के परिजनों में कोहराम मचा है। उधर, सोशल मीडिया पर सीएचसी में एंटी-स्नेक वेनम उपलब्ध न होने की खबरों को अस्पताल प्रशासन ने पूरी तरह खारिज किया है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. साजन कुमार और बीएचएम वाहिद अख्तर ने बताया कि अस्पताल में पर्याप्त मात्रा में दवा उपलब्ध है और पीड़ित को एएसवी देने के बाद ही रेफर किया गया था। स्वास्थ्य कर्मियों ने स्थानीय जनता से अपील की है कि सर्पदंश की स्थिति में झाड़-फूंक के चक्कर में समय बर्बाद करने के बजाय मरीज को तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र लाएं।

## सड़क पार कर रहे व्यक्ति को बाइक ने मारी ठोकर, मौत

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** गौरा थाना क्षेत्र के नायका बाजार के समीप शुक्रवार देर शाम सड़क पार कर रहे एक व्यक्ति की बाइक की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक की पहचान मसहां गांव निवासी गोपीचंद्र राम के रूप में हुई है। घटना के बाद स्थानीय लोगों की सूचना पर गौरा थाना की डायल 112 टीम और थानाध्यक्ष मो. महताब खां मौके पर पहुंचे तथा घायल अवस्था में व्यक्ति को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगरा पहुंचाया। ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक डॉ. महेंद्र मोहन ने जांच के बाद उन्हें जख्मी को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है और दुर्घटना की जांच की जा रही है।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो जख्मी, प्राथमिक उपचार के बाद एक रेफर

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** गुरुवार देर शाम को गौरा थाना क्षेत्र के सलिमापुर पोखर के पास बाइक सवार दो युवक गिर जख्मी हो गए। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना डायल 112 और गौरा पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस टीम और एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को मढ़ौरा अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। जहां पर दोनों जख्मी युवकों का प्राथमिक उपचार किया गया। उपचार के दौरान घायल एक युवक गंभीर अवस्था देख बेहतर इलाज के लिए छपरा सदर अस्पताल रेफर किया गया है। रेफर युवक की पहचान बनियापुर थाना क्षेत्र के खपसा गांव निवासी मोहन राय का 25 वर्षीय पुत्र गोविंदा कुमार बताया गया है, जबकि साधारण जख्मी युवक उसका सहपाठी बताया गया है। मिली जानकारी के अनुसार दोनों युवक निजी काम से मढ़ौरा आए हुए थे और देर शाम को सलिमापुर के रास्ते बाइक से अपने घर लौट रहे थे कि एकाएक सलिमापुर पोखर के समीप घुमावदार मोड़ पर अंधेरे की वजह से बाइक अनियंत्रित हो गई और दोनों बाइक सवार युवक गिर जख्मी हो गए।

## सड़क हादसे में कपड़ा व्यवसायी की दर्दनाक मौत, परिवारमें शोक की लहर

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** मढ़ौरा थाना क्षेत्र के चैनपुर घूरना निवासी का मुजफ्फरपुर के सरैया कोठी के पास आज सुबह एक भीषण सड़क हादसे में एक कपड़ा व्यवसायी की जान चली गई। तेज रफ्तार ट्रक के धक्के से व्यवसायी की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद से मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान मढ़ौरा के चैनपुर घूरना निवासी स्व. राम सनई प्रसाद गुप्ता के 40 वर्षीय पुत्र विजय कुमार गुप्ता के रूप में हुई है। विजय कुमार गुप्ता की सरैया कोठी में ही कपड़े की दुकान है। रोज की तरह आज सुबह टहलने गए थे तभी सरैया कोठी रोड पर एक अनियंत्रित ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी।

# स्व. समीउल्ल हक अंसारी की स्मृति में आयोजित हुआ महिला फुटबॉल मैच, समस्तीपुर टीम रही विजेता



**दैनिक खोज खबर/छपरा।** खेल जगत में अपनी अमिट छाप छोड़ने वाले स्वर्गीय समीउल्ल हक अंसारी की स्मृति में छपरा साथी फुटबॉल टीम द्वारा गुरुवार को श्रद्धांजलि कार्यक्रम एवं महिला फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। हर वर्ष 12 जून को उनकी पुण्यतिथि को स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसमें फुटबॉल खिलाड़ी और खेल प्रेमी बड़ी संख्या में शामिल होकर खेल के माध्यम से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। स्व. समीउल्ल हक अंसारी सारण जिला में महिला फुटबॉल को नई पहचान दिलाने वाले अग्रणी खेल प्रशिक्षकों में से एक थे। उन्होंने सारण जिला महिला फुटबॉल टीम की स्थापना कर वर्षों तक उसका सफल संचालन किया। उनके मार्गदर्शन में जिले की अनेक खिलाड़ी राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेकर सारण का नाम रोशन कर चुकी हैं। इतना ही नहीं, उनके द्वारा प्रशिक्षित कई खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए राष्ट्रपति सम्मान भी प्राप्त हो चुका है।

उनकी स्मृति में आयोजित इस कार्यक्रम के तहत समस्तीपुर महिला फुटबॉल टीम और सारण महिला फुटबॉल टीम के बीच एक रोमांचक मैत्री मैच खेला गया। दोनों टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। मुकाबला बेहद प्रतिस्पर्धात्मक रहा, लेकिन अंततः समस्तीपुर की टीम विजेता बनने में सफल रही। कार्यक्रम के दौरान टीम के सदस्य प्रिंस कुमार, ममता कुमारी, अनीशा कुमारी एवं प्रीति कुमारी ने कहा कि स्व. अंसारी के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने बताया कि अगले वर्ष इस आयोजन को और भी बड़े स्तर पर आयोजित किया जाएगा, ताकि नई पीढ़ी उनके आदर्शों से प्रेरणा ले सके। सारण के खेल पदाधिकारी समीम अंसारी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज बिहार सरकार खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित कर रही है तथा उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी के अवसर भी प्रदान किए जा रहे हैं। उन्होंने विशेष रूप से बालिकाओं से खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की।

इस अवसर पर नगर निगम की उपमहापौर रागनी देवी, विभूति नारायण सिंह, सभापति बैठा, समाजसेवी मुकेश कुमार यादव, प्रो. नीतू सिंह, संजीव कुमार सिंह, आलोक कुमार सहित सैकड़ों खेल प्रेमी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में खिलाड़ियों और अतिथियों ने स्व. समीउल्ल हक अंसारी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## देश को मिला है एक मजबूत नेतृत्व, भारत बनेगा विकसित देश- सिग्रीवाल



**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** भारत की बागडोर मजबूत नेतृत्व के हाथ में है । बीतें वर्षो भारत जिस मजबूती से आगे बढ़ रहा है यह तय कि भारत विकसित देश बनेगा। उक्त बाते महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने मढ़ौरा के भावलपुर निवासी अभिमन्यु प्रताप सिंह के पैतृक आवास पर एक निजी धार्मिक अनुष्ठान में शामिल होने के उपरांत कही। सांसद ने कहा कि मोदी सरकार के बीते 12 वर्ष बेमिशाल रहे है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सभी क्षेत्र में मजबूत हुआ है और तेजी से आगे बढ़ रहा है। पीएम के नेतृत्व का असर विश्व की अग्रणी देश अब भारत को गंभीरता से लेती है। पीएम मोदी के नेतृत्व में देश के भीतर भी भाजपा के प्रति लोगों का विश्वास और भरोसा तेजी से बढ़ रहा है। आम जनता के भरोसे से भाजपा कई राज्यों में सरकार बनाने में सफल हुई है। सांसद सिग्रीवाल ने कहा कि बिहार की एनडीए सरकार भी आमलोगों के हीत के लिए लगातार काम रही है। सीएम सम्राट चौधरी के नेतृत्व में राज्य में औधोगिक प्रगति होगी।

## पट्टीदार में वाद- विवाद को लेकर एक महिला पर उड़ेला गर्म पखेउ

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** शुक्रवार की सुबह ही स्थानीय थाना क्षेत्र के पटेढी जलाल में वाद विवाद को लेकर एक महिला को दूसरी महिला ने मवेशी का गर्म पखेउ उड़ेल दिया। जिससे महिला झुलस गई। पीड़ित महिला को परिजनों ने स्थानीय अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज के लिए लाया। जहां पर उसकी प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी अनुसार स्थानीय थाना क्षेत्र के पटेढी जलाल गांव में पट्टीदारी के विवाद में महिलाओं में कहासुनी हो रही थी, कि एक आक्रोशित महिला ने मवेशी का गर्म पखेउ दूसरी महिला को उड़ेल दिया, जिससे वो बुरी तरह से झुलस गई। पीड़ित महिला टुनटुन यादव की 30 वर्षीय पत्नी सुनीता देवी बताई जा रही है। जबकि वाद विवाद के आरोपी महिला राधिका देवी के बेटी निक्की कुमारी से चल रहा था। इसी बीच आरोपी ने आग बबूला होकर मवेशी का गर्म पखेउ पट्टीदार महिला सुनीता देवी पर फेंक दिया। इसके बाद जलन से पीड़िता छटपटाने लगी। आनन फानन में लोगों ने मढ़ौरा अनुमंडलीय अस्पताल लाया। जहां ने पीड़िता सुनीता देवी ने मामले में पट्टीदार राधिका देवी समेत चार पर आरोप लगाया है।

# वेतन में कटौती से नाराज सफाई कर्मियों ने काम रोका



**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** शुक्रवार को नगर पंचायत के सफाई कर्मचारियों ने अपनी मांगों और कथित शोषण के खिलाफ साफ सफाई का काम रोक दिया। लगभग छः दर्जन से अधिक सफाई कर्मियों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का आह्वान किया हैं, जिससे क्षेत्र की सफाई व्यवस्था ठप होने की कगार पर है। हाथों में लिखित शिकायत पत्र लेकर प्रदर्शन कर रहे इन कर्मियों का आरोप है कि उनके अधिकारों का लगातार हनन किया जा रहा है और आवाज उठाने पर उन्हें नौकरी से निकालने की धमकी दी जा रही है।प्रदर्शनकारी कर्मचारियों के अनुसार, उन्हें गोस्वामी सिक्योरिटी प्राइवेट लिमिटेड द्वार 12,500 रुपए मासिक मानदेय देने का वादा किया गया था, लेकिन उनके खातों में महज 9,300 रुपए ही खाते में आ रहे हैं। इसके अलावा, कर्मियों ने ठेकेदार के एक गुर्गे पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पहचान पत्र देने के नाम पर प्रत्येक सफाई कर्मी से 3-3 हजार रुपये की अवैध वसूली की गई है। सफाई कर्मियों ने नगर पंचायत के मुख्य पार्षद पर अपने पद का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है। अपनी मांगों और शोषण के खिलाफ डीएम सहित अन्य अधिकारियों को शिकायत दर्ज कराई है। इस संबंध कार्यपालक पदाधिकारी हरिश्चंद्र ने बताया कि उनकी मांगों को सरकार के गाइडलाइन के मुताबिक पूरी की जाएगी। मानदेय राशि से पीएफ की कटौती के पक्ष में सफाई कर्मी नहीं हैं, तो उनको इसके लिए असहमति पत्र लिख कर देंगे, तभी उनकी मानदेय की पूरी राशि खाते में जाएगी। सभी समस्याओं को नियम संगत हल निकाल लेने के लिए सफाई कर्मियों को वार्ता के लिए बुलाया गया है।वहीं मुख्य पार्षद रूबी सिंह ने सभी आरोपों को बेबुनियाद और मनगढ़ंत बताया और कहा कि कर्मियों की वास्तविक मांगो को पूरा किया जाएगा।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है भारत



**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** नगर के भाजपा नेता नागेंद्र राय के आवासीय परिसर जीएम बंगला में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर आयोजित कार्यकर्ता जनसंपर्क अभियान के दौरान पूर्व मंत्री डॉ. महाचन्द्र प्रसाद सिंह ने पत्रकारों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत वैश्विक मंच पर एक मजबूत शक्ति के रूप में उभरा है और जल्द ही विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में अग्रसर है। जी-20 की सफल अध्यक्षता और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प ने देश को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। पूर्व मंत्री ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में सरकार ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किए हैं। देश के 81 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन, 60 करोड़ से अधिक लोगों को आयुष्मान योजना के तहत स्वास्थ्य सुरक्षा और 4 करोड़ से अधिक परिवारों को पक्के मकान मिले हैं। इसके अलावा 10.5 करोड़ महिलाओं को उज्ज्वला गैस कनेक्शन और 12 करोड़ परिवारों को शौचालय की सुविधा दी गई है। किसानों के खातों में सम्मान निधि के तहत 4.3 लाख करोड़ रुपये सीधे भेजे गए हैं। डिजिटल भुगतान और स्टार्टअप में भारत विश्व का नेतृत्व कर रहा है।

उन्होंने ईडब्लूएस श्रेणी के छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं में उम्र सीमा की छूट देने और यूजीसी की नई गाइडलाइन से भेदभावपूर्ण रेगुलेशन हटाने की मांग का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि सवर्ण आयोग इस विषय पर सकारात्मक रुख अख्तियार करेगा।

इसके पूर्व उन्होंने कार्यकर्ताओं से सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित भारत बनने की राह पर अग्रसर है। मौके पर शंभू प्रसाद सिंह, पूर्व मुख्य पार्षद सुनीता देवी, तेज नारायण सिंह, धनंजय सिंह, अनिल सिंह, डॉ. रामबाबू सिंह, पप्पू सिंह, बलिराम सिंह, अंबिका मांझी, भानु प्रताप सिंह, अनिल शर्मा, बलबीर सिंह, मुन्ना लाल गुप्ता सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। मंच संचालन नगर मंडल अध्यक्ष राकेश सिंह उजाला ने किया।

## निदेशक ने पीएमश्री गांधी स्मारक उच्च विद्यालय, बरदहियां का किया निरीक्षण



**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** राज्य शिक्षा अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के स्कूली शिक्षा विभाग के निदेशक डॉ. स्नेहाशीष दास ने शुक्रवार को प्रखंड के पीएमश्री गांधी स्मारक उच्च विद्यालय, बरदहियां का निरीक्षण किया। लगभग दो घंटे तक चले इस सघन निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय में उपलब्ध शैक्षणिक एवं भौतिक संसाधनों की गहन समीक्षा की और विद्यालय प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए.निरीक्षण के क्रम में निदेशक ने विद्यालय परिसर की साफ-सफाई, कक्षाओं में चल रहे शिक्षण कार्य, स्मार्ट क्लास की उपयोगिता, रसायन विज्ञान प्रयोगशाला, कंप्यूटर कक्ष तथा विद्यार्थियों को दी जा रही विभिन्न सुविधाओं का बारीकी से अवलोकन किया.उन्होंने विद्यालय के प्रधानाध्यापक विजय कुमार से छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, शिक्षण व्यवस्था तथा पीएमश्री योजना के तहत संचालित विभिन्न गतिविधियों की विस्तृत जानकारी ली. डॉ. दास ने आधुनिक शिक्षण संसाधनों के प्रभावी उपयोग पर विशेष बल देते हुए कहा कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं तकनीक आधारित शिक्षा उपलब्ध कराना सरकार की मुख्य प्राथमिकता है।

## बाइक सवार ने अनियंत्रित होकर कार में मारी टक्कर, हुआ गंभीर जख्मी

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** शुक्रवार की देर शाम में स्थानीय थाना क्षेत्र के लेरुआ रेलवे ढाला के समीप बाइक सवार ने अनियंत्रित होकर कार में जबरदस्त तरीके से ठोकर मार जख्मी हो गया। जिसमे कार भी आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त बताया जा रहा है। कार में भी सवार लोगों को भी हल्की चोटें आई है। बाइक सवार जख्मी व्यक्ति की पहचान इसुआपुर थाना क्षेत्र के विष्णुपुरा गांव निवासी कपिल महतो का 50 वर्षीय पुत्र लालदेव महतो के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार जख्मी बाइक सवार व्यक्ति शिवगंज की ओर से भकुरा रोड में गांव की तरफ जा रहा कि लेरुआ गांव के पास शिवगंज भकुरा रोड में बाइक और कार में जबरदस्त तरीके से टक्कर हो गई। घटना के बाद आसपास के लोगों की मदद से जख्मी बाइक सवार को अस्पताल पहुंचाया गया।



## लालटेन जलाकर मनाया गया लालू प्रसाद यादव का जन्मदिन

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक प्रखंड के बहरौली वार्ड संख्या 8 स्थित यादव टोला में ग्रामीणों ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव का जन्मदिन धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने लालटेन जलाकर उनके प्रति सम्मान प्रकट किया और उनके दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। उपस्थित लोगों ने लालू प्रसाद यादव के राजनीतिक एवं सामाजिक योगदान पर चर्चा करते हुए उनके नेतृत्व की सराहना की। जन्मदिन समारोह के दौरान आपसी भाईचारे और उत्साह का माहौल देखने को मिला। ग्रामीणों ने केक काटकर तथा एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया।समारोह में स्थानीय लोगों ने कहा कि लालू प्रसाद यादव ने समाज के वंचित एवं पिछड़े वर्गों की आवाज को मजबूती प्रदान की है। कार्यक्रम शांतिपूर्ण और उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## सड़क दुघर्टना में आधा दर्जन लोग घायलों में दो पटना रेफर

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक सीएचसी में सड़क दुघर्टना में घायल आधा दर्जन लोगों में दो को गंभीर हालत में पटना रेफर कर दिया गया। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ चन्द्रशेखर सिंह ने प्राथमिक उपचार किया। लखनपुर में बाइक सवार पानापुर थाना क्षेत्र के करचोलिया गांव निवासी संजय चौबे के 23 वर्षीय पुत्र विश्वजीत चौबे को पीछे से आए वाहन ने टक्कर मार दी जिसमें वे गंभीर रूप से घायल हो गए। एकमा मशरक मुख्य पथ पर शास्त्री टोला में बाइक दुर्घटना में खैरनपुर गांव निवासी अजय कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया गया कि बड़ा स्पीकर खराब हो गया था उसी को बनवाने दो मित्रों के साथ मशरक आ रहा था कि सड़क दुघर्टना में घायल हो गया। केसरिया में बाइक दुर्घटना में गोपालगंज जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के फैजुल्ला पुर गांव निवासी हरिशंकर राय का 22 वर्षीय पुत्र विजय कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। मुन्नी मोड़ पर बाइक दुर्घटना में दलित टोला के दो युवक मामूली रूप से घायल हो गए, दोनों गोला मंडी से घर जा रहें थे कि हाईवे सड़क पार करने के दौरान बाइक की चपेट में आ गए।

## सोनपुर नगर परिषद क्षेत्र में अतिक्रमण पर चला बुलडोजर, सड़क किनारे से हटाए गए अवैध कब्जे

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** नगर परिषद क्षेत्र में लंबे समय से सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण के कारण आम लोगों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए शुक्रवार के शाम को नगर परिषद प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया। नगर परिषद के सिटी मैनेजर बीवी भास्कर के नेतृत्व में स्थानीय पुलिस बल और नगर परिषद के अन्य अधिकारी एवं कर्मियों की मौजूदगी में यह अभियान चलाया गया। इस दौरान सोनपुर थाना से लेकर पंजाब नेशनल बैंक होते हुए महेश्वरी चौक तक सड़क के दोनों किनारों पर किए गए अतिक्रमण को चिन्हित कर बुलडोजर चलवाकर हटाया गया। कार्रवाई के दौरान कई अस्थायी दुकानें, ठेले, खोमचे और सब्जी विक्रेताओं के अतिक्रमण को हटाया गया, जिससे सड़क पूरी तरह साफ कराई गई।सिटी मैनेजर बी. बी.भास्कर ने बताया कि नगर परिषद द्वारा पूर्व में भी अतिक्रमणकारियों को चेतावनी दी गई थी, लेकिन निर्देशों का पालन नहीं किया जा रहा था। इसी के मद्देनजर यह सख्त कदम उठाया गया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि अगर भविष्य में कोई भी व्यक्ति दोबारा सड़क किनारे अतिक्रमण करता पाया गया, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अभियान के दौरान अतिक्रमण करने वाले कई लोगों के खिलाफ चालान भी काटे गए। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया कि सड़क किनारे किसी भी प्रकार की दुकान, ठेला या खोमचा लगाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में यातायात व्यवस्था में सुधार देखने को मिला और आम लोगों ने प्रशासन के इस कदम की सराहना की है। नगर परिषद ने संकेत दिया है कि कल शनिवार क़ो सोनपुर गौतम चौक से लेकर रेलवे स्टेशन अतिक्रमण मुक्त अभियान चलेगा. यह अभियान आगे भी नियमित रूप से चलाए जाएंगे, ताकि शहर को अतिक्रमण मुक्त रखा जा सके।

## रसूलपुर में गैस की आनलाईन बुकिंग बंद, अतिरिक्त लेकर हो रही हैं होम डिलीवरी

**दैनिक खोज खबर/रसूलपुर(एकमा)।** स्थानीय चट्टी पर स्थित एक गैस एजेंसी में आनलाइन पेमेंट बंद कर दिया गया है.इसका फायदा वितरण कर्मी उठा रहे हैं। भोले भाले ग्रामीणों को गैस का दाम बढ़ा बता कर होम डिलीवरी के नाम पर 1040 रुपये की जगह 1080 रूपये वसूल कर रहे हैं.माधोपुर गांव की उज्ज्वला गैस उपभोक्ता पुनम देवी , अमीन मियां आदि ने बताया कि होम डिलीवरी के लिए शुक्रवार को गाड़ी आई और लोगों से 40 रूपये अतिरिक्त होम डिलीवरी के नाम पर लेकर चली गई.उधर एजेंसी कार्यालय पर शुक्रवार को भी गैस के लिए पर्ची कटाने को लेकर भीड़ रही. कर्मियों के अनुसार जरूरतमंदों को जिनके गांव होम डिलीवरी का दिन आज नहीं है उनके लिए पर्ची काटी जा रही है. वह भी गोदाम पर अब उपभोक्ताओं को नहीं भेजा जा रहा है.मालूम हो कि कथित एजेंसी पर लापरवाही पूर्वक गैस वितरण करने को लेकर लाखों रुपये का जुर्माना लग चुका है. उपभोक्ताओं को माने तो बहुत बड़े रसूख परिवार से आने वाले एजेंसी कर्मी है जिसकी पहुंच हर क्षेत्र में है. इसलिए कोई शिकायत भी नहीं करता।

## बुजुर्ग महिला की गला दबा हत्या

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** दाउदपुर थाना क्षेत्र के शीतलपुर गांव में गुरुवार की रात एक 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला रुक्मिणा देवी, पति राम जन्म पंडित, की गला दबाकर हत्या कर दी गई। परिजनों ने चोरी के दौरान वारदात को अंजाम दिए जाने की आशंका जताई है।घटनास्थल से महिला के शरीर पर मौजूद सभी आभूषण गायब मिले हैं। पुलिस ने मौके से एक संदिग्ध व्यक्ति का मोबाइल फोन और चप्पल बरामद किया है। इन साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। मृतका के बेटे ने बताया कि गुरुवार रात परिवार के सभी सदस्य खाना खाकर सो गए थे। उनकी मां पुराने घर में अकेली सोई हुई थीं। देर रात घर से शोरगुल की आवाज सुनाई दी। परिवार के सदस्य जब पुराने घर की ओर गए, तो एक युवक वहां से भागता हुआ दिखाई दिया। परिजनों के अनुसार, भागने के दौरान आरोपी का मोबाइल फोन और चप्पल घटनास्थल पर ही छूट गया। उन्हें संदेह है कि युवक चोरी के इरादे से घर में घुसा था और महिला के विरोध करने पर उसने गला दबाकर उनकी हत्या कर दी। आरोपी महिला के गहने निकालकर भागने की कोशिश कर रहा था। अभी तक पहचान की आधिकारिक पुष्टि नहीं की। ग्रामीणों ने आरोपी की पहचान गांव के ही बाबुद्दीन अंसारी के पुत्र बाबर अंसारी के रूप में बताई है। हालांकि, पुलिस ने अभी तक इस पहचान की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। घटना की सूचना मिलने के बाद दाउदपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। थानाध्यक्ष निर्भय कुमार ने बताया कि परिजनों की ओर से लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है। पुलिस सभी संभावित बिंदुओं पर गंभीरता से जांच कर रही है। फॉरेंसिक टीम को भी घटनास्थल पर बुलाया गया, जहां टीम ने बारीकी से जांच कर कई साक्ष्य जुटाए हैं।

# टोपोलैंड में भूमि अधिग्रहण के विरोध में सोनपुर के भू-स्वामियों ने फूंका आंदोलन का बिगुल

### काला झंडा फहराकर करेंगे विरोध, भु स्वामियों के बिना सहमति के जमीन अधिग्रहण नहीं होगा स्वीकार



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** टोपोलैंड क्षेत्र में प्रस्तावित भूमि अधिग्रहण के खिलाफ अब भू-स्वामियों का विरोध संगठित रूप लेने लगा है। शुक्रवार को सोनपुर वाईट हाउस में आयोजित एक बैठक में प्रभावित किसानों और भू-स्वामियों ने अधिग्रहण प्रक्रिया पर गंभीर आपत्ति जताते हुए आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया। बैठक में स्पष्ट किया गया कि विकास कार्यों का विरोध नहीं है, लेकिन स्थानीय लोगों की सहमति और अधिकारों की अनदेखी किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता बिनोद सिंह सम्राट ने की, जबकि संचालन भाजयुमो नेता आशुतोष कुमार रितेश ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए बिनोद सिंह सम्राट ने कहा कि सरकार विकास योजनाओं को लागू करे, लेकिन इसके लिए किसानों और भू-स्वामियों के हितों को दरकिनार नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि बिना सहमति के भूमि अधिग्रहण लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है और क्षेत्र के लोग इसका शांतिपूर्ण लेकिन मजबूती से विरोध करेंगे। उन्होंने घोषणा की कि भूमि अधिग्रहण के विरोध में क्षेत्र के भू-स्वामी 15 जुन के अपने-अपने घरों पर काला झंडा फहराकर विरोध दर्ज कराएंगे। साथ ही कहा कि जब तक सरकार प्रभावित लोगों की आपत्तियों और सुझावों पर गंभीरता से विचार नहीं करती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।बीरेंद्र शर्मा और शिवशंकर शर्मा ने कहा की किसी भी कीमत किसान जमीन नहीं देंगे। सरकार जब तक हमारी मांगो की नहीं मानेगी तब तक आंदोलन जारी रहेगी जबकि भरत सिंह ने कहा कि टोपोलैंड जैसे क्षेत्र के गंभीर समस्याओं के निदान के लेकर यहां के सांसद व विधायक के भी आगे आने की जरूरत है। वे भी 15 जुन क़ो घर घर काला झंडा लगाने में सहयोग करे तभी हमलोग मानेगे कि हमारे जनप्रतिनिधि हमारी समस्या के प्रति उनका चिंतन है। अब जाति पार्टी से ऊपर उठकर जनहित की बात करे यहां कूटनीतिक राजनीतिक नहीं चलेगी। नितेश कुमार ने कहा कि सरकार विकास के नाम पर गरीबो क़ो शोषण कर रही है. इस कूटनीति चाल के विरोध करने की जरूरत है इसमें सभी जनप्रतिनिधि व बुद्धिजीवियों क़ो आगे आने की जरूरत है। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि स्थानीय लोगों ने हमेशा विकास कार्यों और जनहित की योजनाओं में सहयोग दिया है तथा आगे भी देंगे, लेकिन अपनी पुश्तैनी जमीन और अधिकारों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने दोहराया कि आंदोलन पूरी तरह लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण तरीके से संचालित किया जाएगा। बैठक में, नवल सिंह,अनील सिंह,बीरेंद्र शर्मा, भरत सिंह,अविनाश शर्मा, पवन शर्मा, मितलेश सिंह, सरोज गुप्ता,नीतीश कुमार सहित बड़ी संख्या में भू-स्वामी एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## बालू लदे ट्रक ने साइकिल चालक को रौंदा, मौत, एनएच जाम



**दैनिक खोज खबर/भेल्दी(सारण)।** छपरा-मुजफ्फरपुर एनएच 722 पर सरायबक्स पलमवा पुल के समीप शुक्रवार को बालू से लदी ट्रक ने एक साइकिल चालक को रौंद दिया जिससे उसकी मौत मौके पर ही हो गई।मृतक शैलेन्द्र कुमार सिंह (50) भेल्दी थाने के रज्जूपुर गांव का बताया जाता है।घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने करीब दो घंटे तक एनएच को जाम कर आवागमन को पूरी तरह अवरूद्ध कर दिया जिससे एनएच पर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। मिली जानकारी के अनुसार भेल्दी थाने के रज्जूपुर गांव के शैलेन्द्र कुमार सिंह शुक्रवार को गड़खा बाजार से सामान की खरीददारी कर साइकिल से अपने घर को लौट रहे थे जैसे ही पलमवा पुल के समीप पहुंचा कि गड़खा की ओर से आ रही अनियंत्रित ट्रक ने पीछे से रौंद दिया जिससे साइकिल सवार की मौत घटनास्थल पर ही हो गई।साइकिल चालक शैलेन्द्र कुमार सिंह की मौत की खबर सुनते ही सैकड़ों लोग घटनास्थल पर पहुंच गए और छपरा-मुजफ्फरपुर एनएच को पूरी तरह जाम कर दिया।आक्रोशित घटनास्थल पर वरीय अधिकारियो के बुलाने की मांग पर अड़े हुए थे।करीब एक घंटे के बाद अमनौर सीओ अजय कुमार मौके पर पहुंचे और आक्रोशितो को समझा-बुझाकर शांत कराया।करीब दो घंटे के बाद छपरा-मुजफ्फरपुर एन 722 पर सड़क जाम खत्म हुआ और वाहनों का परिचालन शुरू हो सका।

**मृतक के परिजनों का रो-रोकर हुआ बुरा हाल:** शैलेन्द्र कुमार सिंह की मौत की खबर सुनते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई।पत्नी वीणा देवी अपने पति शैलेन्द्र कुमार सिंह का शव देखते ही मूर्छित होकर गिर पड़ी।वह जब भी होश में आती अपने पति के शव से लिपटकर रोने लगती।सारण जिला राजद अध्यक्ष सुनील राय, कटसा पंचायत के मुखिया गौतम कुमार साह ने मृतक के परिजनों को ढांढस बढ़ाते हुए सांत्वना दिया।

## बाबा हरिहरनाथ मंदिर प्रांगण में लगेंगे न्यूरोथेरेपी का निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर 14 जून को

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** बाबा हरिहरनाथ मंदिर प्रांगण में अक्सर जनहित से जुड़े निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर और थेरेपी कैंप आयोजित किए जाते हैं।वैदिक आरोग्यम न्यूरोथेरेपी जैसे विशेषज्ञ और प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र समय-समय पर यहाँ निःशुल्क जाँच और उपचार शिविर लगाते हैं।उक्त बातें मंदिर न्यास समिति के सचिव विजय कुमार सिंह ने शुक्रवार क़ो बताया कि बाबा हरिहरनाथ मन्दिर में वैदिक आरोग्यम न्यूरोथेरेपी का निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर महीने के प्रत्येक रविवार को डाक्टर नवीन शर्मा के मार्गदर्शन में लगाए जायेंगे.जिसमें असाध्य सर्वाइकल दर्द,घुटनों का दर्द, सायटिका,स्लीप डिस्क, लकवा,ब्रेन हेमरेज, मेन्टली रिटार्डेड कुछ हीं समय में राहत दिला सकता है।

## मशरक शीतलपुर एस एच 73 पर बन रहें रेल ओवर ब्रिज निर्माण में भूमी मापी

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक छपरा थावे रेलखंड पर मशरक जंक्शन के पास मशरक शीतलपुर एस एच 73 पर बन रहें रेल ओवरब्रिज निर्माण कार्य के लिए भूमी अधिग्रहण को लेकर जमीन की मापी गुरुवार की दोपहर 12 बजें के लगभग शुरू की गयी। सरकारी अमीन के द्वारा सड़क के एक तरफ से जमीन की मापी शुरू कर मार्किंग लगानें का कार्य शुरू किया गया। कार्य में लगें अमीनो ने बताया कि अंचल कार्यालय के तरफ से मिले निर्देश और जिला भू-अर्जन विभाग की तरफ से उपलब्ध कराए गए नक्शे से प्रथम स्तर पर सरकारी जमीन की मापी कर पेंट से मार्किंग कर दी जा रही है।

## इंजीनियरिंग कॉलेज छपरा में कार्य से हटाए गए कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन




**दैनिक खोज खबर/छपरा ।** लोकनायक जय प्रकाश प्रौद्योगिकी संस्थान छपरा के परिसर में शुक्रवार को उस समय स्थिति तनावपूर्ण हो गई जब संस्थान के पूर्व कार्यरत कर्मचारियों ने अपनी सेवाओं को समाप्त किए जाने के विरोध में हड़ताल और प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी कर्मचारियों का आरोप है कि उन्हें बिना किसी पूर्व सूचना के कार्य से हटा दिया गया है, जिससे उनके सामने जीविकोपार्जन का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। हड़ताल कर रहे कर्मचारियों ने संस्थान प्रशासन पर मनमानी का आरोप लगाते हुए तत्काल प्रभाव से उन्हें पुनः कार्य पर रखने की मांग की है।प्रदर्शन स्थल पर उपस्थित कर्मचारियों ने बताया कि वे लंबे समय से संस्थान में अपनी सेवाएं दे रहे थे। उन्होंने कहा, 'हम अपनी मेहनत के बदले रोजगार चाहते हैं। बिना किसी ठोस कारण के हमें हटाना पूरी तरह अनुचित है।' ?इस हड़ताल के कारण कॉलेज परिसर में कामकाज आंशिक रूप से प्रभावित रहा। खबर लिखे जाने तक, प्रदर्शनकारी कर्मचारी अपनी मांगों पर अड़े हुए थे और प्रशासन से वार्ता की प्रतीक्षा कर रहे थे। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें जल्द नहीं मानी गईं, तो वे आंदोलन को और तेज करेंगे। ?संस्थान प्रशासन की ओर से इस संबंध में अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

## माधोपुर में मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क नरक में तब्दील, लोगों का चलना मुश्किल



**दैनिक खोज खबर/रसूलपुर(एकमा)।** थाना क्षेत्र की चनचौरा पंचायत के माधोपुर गांव में मुख्यमंत्री सड़क योजना की सड़क पर भारी जलजमाव हो गया है. वार्ड 11 से होकर गुजरने वाली यह मुख्य सड़क नर्क में तब्दील हो चुकी है.सड़क पर बारिश और नाले के पानी की निकासी नहीं होने से लोगों का चलना मुश्किल हो गया है. ग्रामीणों के नर्क में तब्दील यह मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना की सड़क है जो रसूलपुर एनएच 531 से चड़वां,बाल और माधोपुर गांव होते हुए मांझी बरौली राजपथ को जोड़ती है.गांव के इस मुख्य सड़क के किनारे लोगों ने घर बना लिया है. घर ऊंचे होने के कारण सड़क नीची हो गई है और पानी की निकासी का नाला नहीं बन पाया है, नतीजतन करीब 50 मीटर से भी लम्बी यह सड़क थोड़ी सी बारिश में ही जलमग्न हो जाती है।

ग्रामीणों के अनुसार सड़क किनारे ही सरकारी गड्ढा बउली है जिसमें वार्ड 10 और 11 दोनों का पानी की निकासी नाले के द्वारा होती है, लेकिन जलजमाव वाले प्रभावित सड़क की जल निकासी की व्यवस्था नहीं होने के कारण लोगों को भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है. स्थानीय लोगों ने जल निकासी की स्थायी समाधान के लिए पंचायत प्रतिनिधियों व संबंधित प्रशासन से गुहार लगायी है।

## छपरा में जदयू के नए जिला कार्यालय का उद्घाटन




**दैनिक खोज खबर/छपरा।** सारण जिला जनता दल यूनाइटेड के नए जिला कार्यालय का भव्य उद्घाटन किया गया। यह नया कार्यालय छपरा में कचहरी स्टेशन के पश्चिम में स्थित है। कार्यालय का उद्घाटन बिहार विधान परिषद के पूर्व उपसभापति सलीम परवेज और जदयू के जिलाध्यक्ष बैद्यनाथ प्रसाद सिंह विकल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

इस अवसर पर नेताओं ने कहा कि नए कार्यालय के खुलने से सारण जिले में पार्टी संगठन को और मजबूती मिलेगी और कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर काम करने का एक नया ठिकाना मिलेगा।उद्घाटन के इस विशेष मौके पर पार्टी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

इनमें मुख्य रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष मुरारी सिंह, पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष जयप्रकाश यादव, आनंद किशोर सिंह, जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा, पशुपति पटेल और जिला प्रवक्ता ब्रजेश कुमार शामिल रहे।इनके अलावा ई0 प्रभाष शंकर, अशोक सिंह, विनोद सिंह, मनोज सिंह, सुनील सिंह, सुरेश सिंह, दीपक कुमार सिंह, दिलीप ठाकुर, चन्द्र भूषण पंडित, कुसुम देवी, भोला सिंह, चांदनी कुशवाहा, राखी कुशवाहा, शम्भू मांझी, सतीश शर्मा और रमेश किशन सहित भारी संख्या में जदयू कार्यकर्ताओं ने समारोह में भाग लिया।

## हाथी दास की मठिया से कलश यात्रा में शामिल हुए

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** शहर के पश्चिमी छोड पर स्थित हाथीदास की मठिया में राम जानकी मंदिर जीर्णोद्धार की प्रतीक्षा में आज मठ मंदिर परिसर से 24 घंटा अखंड हरी नाम संकीर्तन के लिए जल भरी कलश यात्रा का शुभारंभ हुआ ।जिसमें हजारों की संख्या में महिलाएं पुरुष बच्चों ने भाग लिया। जलभरी यात्रा मठ मंदिर परीसर से ग्राम बैजू टोला गौतम स्थान गोदना रिवीलगंज रिविलगंज बाजार होते हुए थाना के पास से सरयुग नदी में जल भरी हुई ।



## पुलिस की लगातार दबिश के बाद हत्याकांड के चार आरोपियों ने किया आत्मसमर्पण

**परवेज़ अख़्तर /सीवान।** जामो बाजार थाना क्षेत्र के शामपुर गांव में पिछले वर्ष हुए पशुराम प्रसाद हत्याकांड में चार नामजद अभियुक्तों ने अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस की लगातार छापेमारी और दबिश के चलते आरोपियों ने गुरुवार को न्यायालय में सरेंडर किया। पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा ने बताया कि 30 जून 2025 को कुछ लोगों ने पशुराम प्रसाद की हत्या कर दी थी। मामले में पहले हीं एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है। शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही थी। इसी क्रम में शामपुर निवासी विंध्याचल पटेल उर्फ विंध्याचल रावत, राजन यादव, हरदयाल यादव और चंदेश्वर यादव ने न्यायालय में आत्मसमर्पण किया। पुलिस अब आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी कर रही है।

## नर-नारायण युद्ध की कथा सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु

**परवेज़ अख़्तर /हसनपुरा (सिवान)।** प्रखंड के फलपुरा पंचायत अंतर्गत पड़ौली गांव स्थित काली मंदिर परिसर में आयोजित नौ दिवसीय श्री मारुति नंदन महायज्ञ के पांचवें दिन गुरुवार की रात भक्ति और श्रद्धा का माहौल बना रहा। महाराजगंज से पधारे कथावाचक चंद्रभान द्विवेदी उर्फ केन बाबा ने श्रद्धालुओं को नर-नारायण युद्ध का पौराणिक प्रसंग सुनाकर भावविभोर कर दिया। अपने प्रवचन में उन्होंने बताया कि भगवान विष्णु के अवतार नर और नारायण बद्रिकाश्रम में कठोर तपस्या कर रहे थे। उनकी तपस्या से देवता, ऋषि और मुनि भी प्रभावित थे। उन्होंने कहा कि अहंकार और शक्ति प्रदर्शन के कारण दोनों के बीच युद्ध का प्रसंग उत्पन्न हुआ। दिव्य अस्त्र-शस्त्रों से युक्त यह युद्ध लंबे समय तक चला, इससे तीनों लोकों में हलचल मच गई। कथावाचक ने बताया कि अंततः भगवान की प्रेरणा से दोनों को आत्मबोध हुआ और उन्हें यह ज्ञान प्राप्त हुआ कि वे एक ही परम तत्व के स्वरूप हैं। कथा के माध्यम से उन्होंने श्रद्धालुओं को संयम, आत्मज्ञान तथा धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। कथा के दौरान श्रद्धालु मंत्रमुग्ध होकर कथा श्रवण करते रहे थे। भगवान के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। यज्ञ स्थल पर देर रात तक श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। मौके पर सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।

## एनएमएमएस छात्रवृत्ति परीक्षा में चयनित छात्र-छात्राओं को मिला सम्मान

**परवेज़ अख़्तर/बसंतपुर (सिवान)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित आदर्श राजकीय मध्य विद्यालय के 17 छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय आय सह मेधा छात्रवृत्ति (एनएमएमएस) परीक्षा में सफलता प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। शुक्रवार को प्रधानाध्यापक हृदयानंद सिंह के नेतृत्व में आयोजित सम्मान समारोह में सभी चयनित विद्यार्थियों को कापी, पेन एवं अन्य उपहार देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में साक्षी कुमारी, राकी कुमार, शिवम कुमार, सोनाक्षी कुमारी, संजना कुमारी, शबाना खातून, नाजिया परवीन, प्रेरणा कुमारी, युवराज कुमार सहित अन्य छात्र-छात्राएं शामिल हैं। प्रधानाध्यापक ने बताया कि जिले में 17 बच्चों के चयन के साथ विद्यालय का प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ रहा है। उन्होंने कहा कि 2024 में विद्यालय के 10 तथा 2025 में 30 विद्यार्थियों का चयन हुआ था। चयनित विद्यार्थियों को कक्षा नौ से 12वीं तक प्रतिवर्ष 12 हजार रुपये छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। मौके पर शिक्षक अमित चंचल, संजय राय सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

## वरिष्ठ अधिवक्ता की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**परवेज़ अख़्तर/महाराजगंज (सिवान)।** अनुमंडल मुख्यालय में वरिष्ठ अधिवक्ता परशुराम सिंह की सातवीं पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में अधिवक्ताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा गणमान्य लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि परशुराम सिंह का जीवन सत्य, न्याय, सेवा और सदाचार का प्रेरणादायी उदाहरण था। उन्होंने अपने अधिवक्ता जीवन में निर्भीकता के साथ न्याय की रक्षा की और सदैव कमजोर एवं जरूरतमंद लोगों के हितों के लिए आवाज उठाई। वक्ताओं ने कहा कि उन्होंने समाज में ईमानदारी, सद्भाव और मानवता की ऐसी मिसाल कायम की, जो आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेरित करती रहेगी। उनके आदर्श, विचार और कार्य आज भी लोगों के हृदय में जीवित हैं। कार्यक्रम में अनुमंडलीय अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष सुशील कुमार मिश्रा, महासचिव पीपी रंजन द्विवेदी, अधिवक्ता दिनेश प्रसाद सिंह, भाजपा नेता प्रदीप कुमार रोज, चंदन दुबे, डा. त्रिपुरारी शरण, अजय कुमार, संतोष कुमार, प्रवीण मिश्रा तथा अनिकेत कुमार उर्फ बड़ा बाबू सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## वैश्य सभा ने लगाए प्याऊ, राहगीरों को मिलेगी शीतल जल की सुविधा

**परवेज़ अख़्तर/मैरवा (सिवान)।** उमस भरी गर्मी में राहगीरों और बाजार आने वाले लोगों को राहत देने के उद्देश्य से वैश्य सभा ने मैरवा नगर पंचायत क्षेत्र के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर प्याऊ की व्यवस्था शुरू की है। स्टेशन चौक और नगर धर्मशाला के निकट लगाए गए प्याऊ में स्वच्छ एवं शीतल पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है, इससे लोगों को प्यास बुझाने के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। वैश्य सभा के महामंत्री जयचंद प्रसाद ने बताया कि नगर क्षेत्र और बाजार में आने वाले ग्रामीण व दूरदराज के लोगों को पेयजल की समस्या से राहत दिलाने के लिए बोर्ड की बैठक में यह निर्णय लिया गया था। इसके तहत परंपरागत मिट्टी के नलयुक्त घड़ों में स्वच्छ और ठंडे पानी की व्यवस्था की गई है। वहीं अध्यक्ष श्रीबल्लभ प्रसाद ने बताया कि फिलहाल दो स्थानों पर प्याऊ शुरू किए गए हैं तथा आने वाले दिनों में नगर के अन्य प्रमुख स्थानों पर भी ऐसी व्यवस्था की जाएगी। वहीं स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे जनहित में उठाया गया सराहनीय कदम बताया। वहीं दूसरी ओर वैश्य सभा की इस पहल के बाद नगर पंचायत की पेयजल व्यवस्था पर भी सवाल उठने लगे हैं।

## जामो चौक पर उल्टा तिरंगा लहराने से नाराज़गी, प्रशासन पर लापरवाही का आरोप

**परवेज़ अख़्तर/सीवान।** गोरियाकोठी प्रखंड के जामो चौक पर लगे हाईमास्ट लाइट के ऊपरी हिस्से में लगा तिरंगा लगभग पंद्रह दिनों से उल्टा अवस्था में लहरा रहा है, इससे स्थानीय लोगों में गहरी नाराज़गी देखी जा रही है। ग्रामीणों और दुकानदारों का कहना है कि यह स्थिति न केवल राष्ट्रीय ध्वज का अपमान है, बल्कि प्रशासनिक लापरवाही का भी स्पष्ट उदाहरण है। लोगों ने बताया कि हाईमास्ट की ऊंचाई अधिक होने के कारण कोई भी व्यक्ति स्वयं चढ़कर इसे ठीक करने की हिम्मत नहीं कर पा रहा है।

# सिवान-जीरादेई रेलखंड से चोरी हुए 10 पेंड्राल क्लिप बरामद, आरोपित भेजा गया जेल




**परवेज़ अख़्तर /सीवान।** आरपीएफ की टीम ने सिवान-जीरादेई रेलखंड पर पेंड्राल क्लिप चोरी मामले का खुलासा करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। उसके पास से चोरी की 10 पेंड्राल क्लिप बरामद भी कर लिया गया है। इस संबंध में आरपीएफ इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र यादव ने बताया कि विगत तीन मई को डाउन लाइन के किमी 389/12-14 से 31 पेंड्राल क्लिप चोरी हो गई थीं। इस संबंध में अज्ञात अभियुक्तों के खिलाफ प्राथमिकी कर जांच शुरू की गई थी। घटना की जांच पड़ताल के क्रम में कुछ तथ्य सामने ऊभरकर सामने आएं, जिसकी तकनीकी जांच के आधार पर कार्रवाई की गई। वहीं चार मई को 21 पेंड्राल क्लिप बरामद कर पूर्वी चंपारण मोतिहारी के प्रदीप मुखिया को गिरफ्तार किया गया, जिसे रिसीवर बताया गया।

आगे की जांच में टीम को सूचना मिली कि फरार आरोपी हुसैनगंज के छपिया बुजुर्ग निवासी कमरे अली के पास शेष क्लिप हैं। सूचना पर 10 जून को छापेमारी कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया और उसके पास से 10 पेंड्राल क्लिप बरामद कर लिया गया। इस गिरफ्तारी के साथ चोरी की सभी 31 क्लिप बरामद हो गई और मामले का पूरी तरह खुलासा हुआ। पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी है।

## शहजाद अली हत्याकांड के नामजद अभियुक्त ने किया आत्मसमर्पण

**परवेज़ अख़्तर/सीवान।** बड़हरिया थाना क्षेत्र के शिवराजपुर गांव में विगत 30 मई को हुए शहजाद अली हत्याकांड में पुलिस की लगातार कार्रवाई और दबिश के बाद एक नामजद अभियुक्त गुड्डू मांझी ने शुक्रवार को न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा ने बताया कि घटना की सूचना मिलते हीं सदर वन अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजय कुमार सिंह, एफएसएल टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य संकलन किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए शव का पोस्टमार्टम पूर्ण वीडियोग्राफी के साथ कराया गया और बड़हरिया थाना कांड संख्या 230/26 दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया।उन्होंने बताया कि मामले के त्वरित उद्भेदन के लिए सदर एसडीपीओ के नेतृत्व में एक विशेष जांच टीम (एसआईटी) का गठन किया गया। गठित टीम ने तकनीकी साक्ष्य और मानवीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए अब तक छह आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है, जबकि दो विधि-विरुद्ध बालकों को निरुद्ध किया गया है। उन्होंने बताया कि आगे की जांच के दौरान लगातार की जा रही छापेमारी और पुलिस दबिश के कारण नामजद अभियुक्त गुड्डू मांझी ने न्यायालय में आत्मसमर्पण किया। पुलिस अब आत्मसमर्पण करने वाले अभियुक्त से पूछताछ और मामले में उसकी भूमिका की विस्तृत जांच में जुटी है। बताया कि अन्य फरार आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए भी अभियान जारी है और जल्द ही पूरे मामले का खुलासा कर लिया जाएगा।

# 16 को पचरूखी के पपौर में आएंगे सीएम सम्राट चौधरी, तैयारी में जुटा प्रशासन



**परवेज़ अख़्तर/सीवान।** पचरूखी प्रखंड स्थित पपौर गांव में आगामी 16 जून को बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के आगमन को लेकर प्रशासनिक हलचल तेज हो गई है। प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन और स्थानीय प्रशासनिक अमला लगातार तैयारियों में जुटा हुआ है। बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री के संभावित दौरे के दौरान आमजनता के बीच क्षेत्रीय विकास योजनाओं और सरकार की उपलब्धियों को रखा जाएगा।

कार्यक्रम स्थल को लेकर जिलाधिकारी विवेक रंजन मैत्रेय व पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा के नेतृत्व में पदाधिकारियों द्वारा शुरुआती निरीक्षण कर लिया है और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल की तैनाती, बैरिकेडिंग तथा भीड़ नियंत्रण की योजना तैयार की जा रही है। साथ ही, हेलीपैड और वाहनों की पार्किंग व्यवस्था को भी अंतिम रूप देने पर काम चल रहा है।

स्थानीय स्तर पर पंचायत प्रतिनिधियों और पार्टी कार्यकर्ताओं में भी इस दौरे को लेकर उत्साह देखा जा रहा है। सड़क मरम्मत, साफ-सफाई और मंच निर्माण जैसे कार्य युद्धस्तर पर किए जा रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि कार्यक्रम को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री क्षेत्र के विकास कार्यों की समीक्षा कर सकते हैं और कई नई योजनाओं की घोषणा भी संभव है। दौरे को लेकर इलाके में राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है और प्रशासन अलर्ट मोड में है।

## विधायक-एसडीओ ने नए प्रखंड-अंचल भवन का किया निरीक्षण, समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निर्माण पर दिया जोर

**परवेज़ अख़्तर/ महाराजगंज (सिवान)।** अनुमंडल मुख्यालय स्थित निर्माणाधीन प्रखंड एवं अंचल कार्यालय के नए भवन का शुक्रवार को स्थानीय विधायक हेमनारायण साह और एसडीओ अनीता सिन्हा ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने भवन निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया तथा कार्यदायी एजेंसी को निर्धारित मानकों और गुणवत्ता के अनुरूप कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान विधायक ने कहा कि सरकारी भवनों का निर्माण उच्च गुणवत्ता का होना चाहिए, ताकि आम लोगों को लंबे समय तक बेहतर सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने निर्माण सामग्री की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने और निर्धारित समय सीमा के भीतर निर्माण कार्य पूरा करने पर जोर दिया। विधायक ने कहा कि नए भवन के निर्माण से क्षेत्र के लोगों को बेहतर प्रशासनिक सेवाएं उपलब्ध होंगी और कार्यालयों के कार्य निष्पादन में भी सुधार आएगा। वहीं एसडीओ ने निर्माण स्थल पर मौजूद अभियंताओं और संवेदक से कार्य की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा मानकों से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। नियमित निगरानी के साथ निर्माण कार्य को तेजी से पूर्ण कराने की बात भी कही। इस दौरान भवन के विभिन्न हिस्सों का अवलोकन किया गया तथा निर्माण से जुड़े आवश्यक तकनीकी बिंदुओं पर चर्चा की गई।

जनप्रतिनिधि सहित अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि नए भवन के तैयार होने के बाद प्रखंड एवं अंचल कार्यालय की कार्यक्षमता में वृद्धि होगी तथा आम नागरिकों को एक ही परिसर में बेहतर और सुगम प्रशासनिक सुविधाएं प्राप्त होंगी। मौके पर बीडीओ बिंदु कुमार, सीओ जितेंद्र कुमार समेत अन्य अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## वाहन जांच के दौरान 10 दोपहिया व 30 ट्रकों पर वसूला गया 62 हजार जुर्माना

**परवेज़ अख़्तर/सीवान।** यातायात थाना की पुलिस ने गुरुवार की शाम विशेष वाहन जांच अभियान चलाकर ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की। अभियान के दौरान 10 दोपहिया वाहन और 30 ट्रकों पर कुल 62 हजार रुपये का चालान किया गया। वाहन जांच शहर के चौक-चौराहों, बाजार, स्टेशन रोड और संवेदनशील इलाकों में की गई। जांच के दौरान संदिग्ध वाहनों को रोककर तलाशी ली गई और यात्रियों से पूछताछ की गई। पुलिस ने कई स्थानों पर पैदल गश्ती अभियान चलाकर लोगों में सुरक्षा की भावना मजबूत की। जवानों ने भीड़भाड़ वाले इलाकों में लोगों से संवाद कर उन्हें यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया। एसपी पूरन कुमार झा ने बताया कि यातायात थाना द्वारा चलाए गए विशेष अभियान में नो पार्किंग नियमों का उल्लंघन करने वाले 30 ट्रकों और यातायात नियम तोड़ने वाले 10 दोपहिया वाहनों पर कार्रवाई की गई। इस दौरान कुल 62 हजार रुपये का चालान वसूला गया। अभियान के दौरान चारपहिया वाहनों के शीशे में लगे काले फिल्म को भी हटवाया गया। अधिकारियों ने बताया कि अभियान का उद्देश्य सड़क सुरक्षा को मजबूत करना और दुर्घटनाओं को कम करना है। पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की कि वे आवश्यक दस्तावेज साथ रखें और हेलमेट व सीट बेल्ट जैसे सुरक्षा उपकरणों का अनिवार्य रूप से उपयोग करें। नियमों का पालन करने से सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है।

## सिवान-पचरूखी के बीच पिकअप की टक्कर से रेलवे ढाला का बूम टूटा

**परवेज़ अख़्तर/सीवान।** सिवान-पचरूखी रेलखंड के बीच स्थित जसौली रेलवे ढाला (गेट संख्या 88/सी) पर एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए बंद हो रहे गेट में टक्कर मार दी, इससे रेलवे बूम का लगभग डेढ़ मीटर हिस्सा जड़ से टूट गया। घटना की सूचना मिलते ही आरपीएफ और रेलवे के संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।जानकारी के अनुसार गेटमैन सुदर्शन राम डाउन मालगाड़ी के परिचालन को देखते हुए गेट बंद कर रहे थे। इसी दौरान डाउन ट्रैक की ओर से आ रही मैजिक पिकअप तेज गति से बिना सावधानी के गेट के भीतर घुस गई और अप ट्रैक की तरफ लगे बूम से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बूम का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद चालक वाहन को मौके पर ही छोड़ने का प्रयास कर रहा था, लेकिन गेटमैन और मौके पर मौजूद स्टाफ ने उसे रोक लिया और गेट गुमटी में बैठा दिया। बाद में इसकी सूचना पचरूखी स्टेशन मास्टर को दी गई। सूचना पर पहुंचे आरपीएफ पाली प्रभारी एसआई राजेंद्र सिंह, कांस्टेबल बबलू कुमार यादव, जेई रेल पथ दारौंदा बबलू कुमार एवं अन्य कर्मचारियों ने घटनास्थल का संयुक्त निरीक्षण किया। सुरक्षा कारणों से मरम्मत कार्य के दौरान गाड़ियों का परिचालन चैन और स्टाप बोर्ड लगाकर सावधानीपूर्वक कराया गया। रेलवे प्रशासन द्वारा बताया गया कि इस घटना से किसी ट्रेन के परिचालन में देरी नहीं हुई और लगभग 10 हजार रुपये के राजस्व नुकसान का अनुमान लगाया गया है। चालक ने अपना नाम विकास कुमार बताया और कहा कि वह नमकीन व कुरकुरे की डिलीवरी के लिए दारौंदा व महाराजगंज जा रहा था, इसी दौरान जल्दबाजी में यह दुर्घटना हो गई।

## पूर्व विधायक ने सुनी जनसमस्याएं, समाधान का दिया आश्वासन

**परवेज़ अख़्तर/दरौली (सिवान)।** प्रखंड के भिटौली, सरना, कुम्हटी, दोन समेत दर्जनों गांवों में शुक्रवार की शाम पूर्व विधायक रमेश सिंह कुशवाहा ने ग्रामीणों, कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने गांव-गांव जाकर लोगों से संवाद स्थापित किया तथा क्षेत्र के विकास और जनसरोकार से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। पूर्व विधायक ने ग्रामीणों की बातों को गंभीरता से सुनते हुए सड़क, बिजली, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य समेत अन्य मूलभूत सुविधाओं की स्थिति की जानकारी ली। वहीं ग्रामीणों ने भी अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं, आवश्यकताओं और विकास कार्यों से जुड़े सुझाव उनके समक्ष रखे। लोगों ने कई स्थानीय मुद्दों के समाधान की मांग करते हुए क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने की आवश्यकता बताई। पूर्व विधायक ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जनहित से जुड़े सभी मुद्दों के निराकरण के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा तथा संबंधित अधिकारियों तक समस्याओं को पहुंचाकर आवश्यक

## फरार आरोपी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार, सरेडर नहीं की तो होगी कुर्की-जब्ती

**परवेज़ अख़्तर/महाराजगंज (सिवान)।** थाना क्षेत्र में एक आपराधिक मामले में फरार चल रहे आरोपित के खिलाफ पुलिस ने सख्त कार्रवाई तेज कर दी है। शुक्रवार को थाना में पदस्थापित पुलिस उपनिरीक्षक ललन सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम महुआरी गांव पहुंची। इस दौरान ढोल-नगाड़े के साथ माइकिंग कर ग्रामीणों को न्यायालय की कार्रवाई और आरोपित के खिलाफ जारी आदेश की जानकारी दी। पुलिस ने न्यायालय द्वारा निर्गत इश्तेहार को फरार आरोपित बिटु यादव के घर पर चिपकाया। साथ ही आसपास मौजूद ग्रामीणों और परिजनों को कानूनी प्रक्रिया से अवगत कराया गया। इस कार्रवाई को देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गए, इससे पूरे इलाके में यह चर्चा का विषय बन गया।

## 11 केवी तार की चपेट में आया वेल्डिंग मजदूर, गंभीर रूप से झुलसा

**परवेज़ अख्तर/सीवान।** मैरवा थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड स्थित एक मकान में शुक्रवार को वेल्डिंग का काम कर रहा एक मजदूर 11 केवी विद्युत तार की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायल मजदूर को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घायल मजदूर की पहचान मैरवा थाना क्षेत्र के लंगड़पूरा गांव निवासी मोहम्मद मुस्तफा के रूप में हुई है।

## सीएचसी में स्वास्थ्य कर्मियों ने ली बाल श्रम उन्मूलन का संकल्प

**परवेज़ अख्तर/बड़हरिया (सिवान)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. प्रभात कुमार ने किया। इस दौरान सभी चिकित्सा पदाधिकारी एवं स्वास्थ्य कर्मियों को बाल श्रम के खिलाफ शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने कहा कि बच्चों का स्थान विद्यालय और खेल के मैदान में है, न कि किसी प्रकार के श्रम कार्यों में। उन्होंने बाल श्रम को समाज के लिए अभिशाप बताते हुए।

## सम्मान के साथ विदा हुए कार्यपालक सहायक, नए पदस्थापन के लिए दी गई शुभकामनाएं

**परवेज़ अख़्तर/रघुनाथपुर (सिवान)।** प्रखंड सभागार में शुक्रवार को आयोजित समारोह में स्थानांतरित पंचायत कार्यपालक सहायकों को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी दीक्षा गुप्ता एवं प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी पूनम कुमारी ने संयुक्त रूप से सभी स्थानांतरित कर्मियों को उपहार भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य तथा नए पदस्थापन स्थल पर बेहतर कार्य के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीडीओ दीक्षा गुप्ता ने कहा कि सरकारी सेवा में स्थानांतरण एक नियमित प्रशासनिक प्रक्रिया है। कर्मचारियों को समय-समय पर विभिन्न स्थानों पर अपनी सेवाएं देनी होती हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी कार्यपालक सहायक नए कार्यस्थल पर भी पूरी निष्ठा, ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। उन्होंने प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर उनके योगदान की सराहना करते हुए धन्यवाद भी दिया। वहीं बीपीआरओ पूनम कुमारी ने कहा कि कर्मियों को जहां भी जिम्मेदारी मिले, वहां कर्तव्यनिष्ठा और अनुशासन के साथ कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सेवा काल के दौरान मिलने वाली सीख और अनुभव भविष्य में बेहतर कार्य करने की प्रेरणा देते हैं।

## 14 और 17 जून को दो पालियों में होगी परीक्षा, 4236 पदों पर भर्ती के लिए कदाचारमुक्त माहौल सुनिश्चित करने पर दिया गया जोर

**परवेज़ अख़्तर/सीवान।** केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) द्वारा आयोजित मद्य निषेध उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, कारा एवं सुधार सेवाएं निरीक्षणालय तथा परिवहन विभाग में चलंत दस्ता सिपाही के पदों के लिए होने वाली लिखित परीक्षा की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। परीक्षा का संचालन 14 जून यानी रविवार और 17 जून यानी बुधवार को दो पालियों में किया जाएगा। परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न कराने को लेकर जिलाधिकारी विवेक रंजन मैत्रेय एवं पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा द्वारा संयुक्त रूप से डा. आंबेडकर भवन स्थित संवाद कक्ष में सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं केंद्राधीक्षकों की ब्रीफिंग की गई। बैठक में परीक्षा संचालन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए। बताया कि जिले में कुल चार हजार 236 रिक्त पदों के लिए लिखित परीक्षा आयोजित की जा रही है। प्रथम पाली के अभ्यर्थियों के लिए रिपोर्टिंग समय सुबह आठ बजे तथा द्वितीय पाली के लिए दोपहर एक बजे निर्धारित किया गया है। वहीं, प्रथम पाली में सुबह नौ बजे तक और द्वितीय पाली में दोपहर दो बजे तक ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति होगी, इसके बाद किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं मिलेगा। सभी अभ्यर्थियों से अपील की गई है कि वे समय से पहले परीक्षा केंद्र पहुंचे, प्रवेश पत्र एवं पहचान पत्र साथ रखें और सभी निर्देशों का पालन करें। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है।

**परीक्षा संचालन में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करें पदाधिकारी, अनियमितता पर होगी कार्रवाई :** जिलाधिकारी ने बताया कि परीक्षा की निगरानी एवं सुचारू संचालन के लिए बड़ी संख्या में दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। साथ ही सभी केंद्रों पर सख्त निगरानी व्यवस्था लागू रहेगी। प्रश्नपत्रों की गोपनीयता बनाए रखने के लिए प्रत्येक तिथि एवं पाली के अनुसार अलग-अलग कोड और रंग निर्धारित किए गए हैं। जिलाधिकारी ने सभी केंद्राधीक्षकों को निर्देश दिया कि परीक्षा संचालन में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करें तथा किसी भी अनियमितता पर त्वरित कार्रवाई की जाए।